निर्णय बइजलास काना राम (आई.ए.एस.) जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर

प्रकरण संख्या 45/2025 (धारा 14 सिक्योरिटाईजेशन) जीसीएमएस नं0 2025/395

आई.सी.आई.सी.आई बैंक लिमिटेड ....प्रार्थी

बनाम

1. श्री ओमप्रकाश गुर्जर निवासी बाडा वाजीदपुर पो0 केमरी तह0 नादोती जिला करौली 322216
2. श्रीमती केशन्ती पत्नि ओमप्रकाश गुर्जर निवासी बाडा वाजीदपुर पो0 केमरी तह0 नादोती जिला करौली

.........अप्रार्थी/ऋणी

The Application under section 14 of the securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of security interest Act. 2002

–:: आदेश ::–

1. संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थी ऋणी को दिनांक 28.01.2022 को पुनर्भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के ऋण के रूप में श्री ओमप्रकाश गुर्जर निवासी बाडा वाजीदपुर पो0 केमरी तह0 नादोती जिला करौली की सम्पत्ति प्लाट नं0 133 खसरा नं0 119 ग्राम सालोदा, तहसील गंगापुरसिटी जिला सवाई माधोपुर में स्थित है, जिसके जमीन के पडौसी पूर्व में चरपेटवा भूखण्ड सियाराम मीना का, पश्चिम में आम रास्ता 30 फीट, उत्तर में चरपेटवा भूमि अन्य की व दक्षिण में चरपेटवा भूखण्ड छुट्टन मीना का है, जिसका क्षेत्रफल 108.53 वर्ग गज है, को बंधक रखकर 13,40,000/–(तेरह लाख चालीस हजार रूपये मात्र) की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई थी। अप्रार्थी ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक को ऋण भुगतान करने में असफल रहने पर अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को दिनांक 10.07.2025 को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने साथ ही दिनांक 27.08.2025 को समाचार पत्र में साया करवाये जाने के बावजूद बकाया ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी बैंक ने उक्त अधिनियम की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पास बतौर जमानत रहन रखी गई उक्त सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त करने हेतु आवश्यक पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने की इस्तदुआ की है।
2. अप्रार्थीगण को सुनवाई हेतु जरिये रजिस्टर्ड नोटिस तलब किया गया किन्तु बावजूद तामिल नोटिस अप्रार्थीगण नियत दिनांक को उपस्थित नहीं हुए।
3. सुयोग्य बैंक प्रतिनिधि को सुना। पत्रावली का भलीभॉति अवलोकन किया गया।
4. प्रकरण में प्रार्थी बैंक द्वारा दिनांक 10.07.2025 को रजिस्टर्ड नोटिस जारी गया साथ ही दिनांक 27.08.2025 को समाचार पत्र में साया करवाया गया, लेकिन ऋण पेटे शेष राशि का भुगतान नही किया गया। अतः उक्त अधिनियम की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थी बैंक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। अप्रार्थी ऋणी की ओर से प्रार्थी बैंक के पक्ष में बंधक सम्पत्ति प्लाट नं0 133 खसरा नं0 119 ग्राम सालोदा, तहसील गंगापुरसिटी जिला सवाई माधोपुर में स्थित है, जिसके जमीन के पडौसी पूर्व में चरपेटवा भूखण्ड सियाराम मीना का, पश्चिम में आम रास्ता 30 फीट, उत्तर में चरपेटवा भूमि अन्य की व दक्षिण में चरपेटवा भूखण्ड छुट्टन मीना का है, जिसका क्षेत्रफल 108.53 वर्ग गज है, का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी बैंक द्वारा जरिये संबंधित पुलिस थाना प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है।
5. आदेश की प्रति जिला पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर एवं प्रार्थी बैंक को हस्ब कायदा जारी हो। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।
6. आदेश आज दिनांक 18/2/2026 को सुनाया गया।

(काना राम)
जिला मजिस्ट्रेट
सवाई माधोपुर

Scanned with OKEN Scanner